पंजाब केसरी 17/09/2025

जी.एम.एन. कॉलेज में 'फसल अवशेष प्रबंधन' विषय पर व्याख्यान के दौरान विशेषज्ञ को पौधा भेंट करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

जी.एम.एन. कॉलेज में 'फसल अवशेष प्रबंधन' पर हुआ व्याख्यान

अम्बाला, 16 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में 'फसल अवशेष प्रबंधन' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कॉलेज के वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान विभाग, इको क्लब और एस.डी.जी. क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि विभाग से विशेषज्ञ अंजलि राणा और डा. सिमरन जस्ट ने बेहतर मिट्टी स्वास्थ्य और कम पर्यावरण प्रदूषण के लिए फसल अवशेष प्रबंधन की तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने हरियाणा में प्रभावी फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और जैव उर्वरकों के उपयोग के लाभों पर प्रकाश डाला।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने धान-गेहूं फसल प्रणाली में गेहूं की पैदावार और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप यादव ने संसाधन व्यक्तियों का धन्यवाद किया। आयोजन में संयोजक डा. शिखा जग्गी और सह संयोजक डा. मीनू राठी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर डा. अमिता और डा. दीपक कुमार भी उपस्थित थे।